# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

## 15 मार्च, 2022

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 22**

----

### तकनीकी समस्या का समाधान

***182 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि विद्युत उपभोक्ताओं को मुहैया किए जाने वाले प्री-पेड मीटर के बिलिंग की रफ्तार सामान्य मीटर से कहीं-न-कहीं ज्यादा है जिसके कारण विद्युत उपभोक्ता काफी असहज महसूस कर रहे हैं;

(ख) यदि उपर्युकत खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्री-पेड मीटर की तकनीकी समस्याओं की जांच कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

### अस्पताल का निर्माण

***183 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के पिपराही प्रखंड में अम्बा रेफरल अस्पताल का शिलान्यास 1993ई. में किया गया था और इसके भवन की नींव का निर्माण भी हो चुका है;

(ख) क्या यह सही है कि नींव के निर्माण के बाद आगे का निर्माण रुका हुआ है और वर्ष 2008 ई. में इसे पुनः निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराई गई परन्तु प्रशासनिक उपेक्षा के कारण राशि वापस लौट गई;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त रेफरल अस्पताल का निर्माण होने से शिवहर जिला के पिपराही तथा पुरनहिया प्रखंड एवं पूर्वी चम्पारण के ढाका एवं पताही प्रखंडों की समीपवर्ती पंचायत के लोगों का समुचित इलाज हो सकेगा;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## विद्युत पोल हटाने पर विचार

*184 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला के कुर्था के न्यू मुबारकपुर में घरों के ऊपर से ग्यारह हजार (11000) वोल्ट के तार के पांच पोल गुजरे हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पांच पोलों को साइड में रोड होते हुए किया जा सकता है जिसमें दस पोल लगेंगे;

(ग) क्या यह सही है कि पोल से गुजरे ग्यारह हजार (11000) वोल्ट के तार से तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है;

(घ) क्या सही है कि न्यू मुबारकपुर के ग्रामीणों द्वारा उक्त पांच पोल को हटाने हेतु कई बार कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता को लिखित एवं मौखिक आवेदन दिया जा चुका है परन्तु अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कुर्था के न्यू-मुबारकपुर के घरों के ऊपर से पांच पोलों को हटाकर इसे रोड होते हुए करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई कबतक

*185 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला स्थित रीगा चीनी मिल में पिछले दो वर्षों से किसानों के गन्ने की खरीदारी नहीं की जा रही है, जिसके चलते करीब 40,000 गन्ना किसानों और हजारों कामगारों, दुकानदारों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पेराई सत्र 2020-21 एवं 2021-22 के लिए सरकार ने अलग-अलग आदेश जारी कर रीगा चीनी मिल के ईख प्रक्षेत्र से गोपालगंज, सिधवलिया, मझौलिया एवं हसनपुर चीनी मिलों को सरकारी दर पर गन्ना खरीद करने के लिए तौल केन्द्र स्थापित करने का आदेश दिया था;

(ग) क्या यह सही है कि ईखोत्पादक संघ रीगा की ओर से सरकार को कई ईमेल सन्देश भेजकर यह जानकारी दी गई थी कि सीतामढ़ी एवं शिवहर जिले के कई गांव में अवैध तौल केन्द्र खोलकर बिचौलियों द्वारा औने पौने भाव में गन्ने की खरीदारी की जा रही है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उपरोक्त आरोपों के सम्बंध में सरकार ने अब तक कौन सी कार्रवाई की है?

----

## चरणबद्ध योजना

***186 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में औद्योगिकरण की गति बढ़ाने हेतु सरकार अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड ‘क’ का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बतलाएगी कि नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना तथा वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों के आधारभूत संरचना विकास हेतु कौन सी चरणबद्ध योजना के तहत कार्य किया जा रहा है?

----

## जमीन की व्यवस्था

***187 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि 11 वर्ष पहले भारत सरकार ने भागलपुर में बुनकर सेवा केन्द्र खोलने के लिए जमीन अर्जन की मांग की थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त केन्द्र के जमीन अर्जन के लिए जिला नजारत शाखा भागलपुर को 71 लाख 25 हजार रुपये प्राप्त हुए थे;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त राशि का गबन कर लिया गया जिसका कोई लेखा जोखा नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भारत सरकार के बुनकर सेवा केन्द्र के लिए जमीन अर्जन का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत पोल की व्यवस्था

*188 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले के संपतचक प्रखंड के ग्राम कामताचक में उपभोक्ताओं को बिजली का कनेक्शन जारी किया जा रहा है किन्तु उनके घर तक बिजली के खंभों को नहीं गाड़ा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि हर घर तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य सरकार की है;

(ग) क्या यह सही है कि उपभोक्ता संख्या 102498861, 102375328 का बिजली कनेक्शन तो जारी है किन्तु उनके घर तक पोल नहीं गाड़ा गया, जिससे उपभोक्ता बांस - बल्ले के सहारे बिजली का तार ले जाने को विवश हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार वर्णित उपभोक्ताओं के घर तक बिजली का पोल कब तक गड़वाना चाहती है?

----

## विचार कबतक

*189 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि मरीजों व परिजनों के लिए 'दीदी की रसोई' कैंटीन सभी जिला और अनुमंडल अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग और जीविका के आपसी सहयोग से खोली जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि 'दीदी की रसोई' कैंटीन का उद्देश्य है कि अस्पतालों में

रियायती दरों पर शुद्ध और पौष्टिक भोजन की आपूर्ति मरीजों को की जाए;

(ग) क्या यह सही है कि 'दीदी की रसोई' कैंटीन कई अस्पतालों में खोलना बाकी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतायेगी कि 'दीदी की रसोई' कैंटीन शेष बचे जिला और अनुमंडल अस्पतालों में खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## मीटर लगाने पर विचार

*190 **प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर में अधिकांश घरों में सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है, जिसका भुगतान ऑनलाइन करने का प्रावधान किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि ऑनलाइन भुगतान करने के बाद भी उपभोक्ता को विद्युत विपत्र नहीं दिया जाता है जिसके कारण उपभोक्ताओं के बीच संशय की स्थिति बनी हुई है कि एक माह में उपभोक्ता द्वारा कितने यूनिट विद्युत खपत की गई है;

(ग) क्या यह सही है कि प्रत्येक दो वर्षों में मीटर बदला जाता है और उसकी राशि उपभोक्ता से वसूल की जाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर का विस्तृत विद्युत विपत्र उपलब्ध कराना चाहती है तथा प्रत्येक दो-दो वर्ष पर नया मीटर लगाने का क्या औचित्य है?

----

## भवन का निर्माण

*191 **श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला अन्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड के ग्राम जलपुरा एवं आजवां में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन अपना नहीं है;

(ग) क्या सही है कि उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण एवं जीर्णोद्धार की जिम्मेवारी मार्च 2020 में BMSICL को सौंपी गई है;

(घ) क्या यह सही है कि अभी तक दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण शीघ्र कराकर लोगों को इलाज की सुविधा प्रदान कराने का इरादा रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्यों की समीक्षा

***192 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि उद्योग विभाग द्वारा Earnest & Young (EY) PMA को राज्य में औद्योगीकरण की गति को तीव्र करने में सहयोग हेतु बहाल किया गया है जो शर्तानुसार सही से काम नहीं कर रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि EY PMA को कितना वार्षिक शुल्क पर बहाल किया गया है एवं इनके कितने कर्मी विभाग को सेवा दे रहे हैं इतनी मोटी राशि इनपर व्यय करने का फलाफल क्या है;

(ग) क्या यह सही है कि EY PMA की बहाली किस तिथि को हुई एवं इनके द्वारा अबतक कौन-कौन सा कार्य किया गया है जो इस PMA के न रहने पर उद्योग विभाग नहीं कर पाता था, इनके द्वारा राज्य के लिए कितनी राशि का निवेश लाया गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार PMA को मोटी राशि भुगतान के बदले उसके द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करने जा रही है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उपचार की व्यवस्था

***193 डा. मदन मोहन झा (शिक्षक दरभंगा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत मनीगाछी प्रखंड में एकमात्र रेफरल

अस्पताल है जिसका भवन काफी जर्जर अवस्था में है;

(ख) क्या यह सही है कि रेफरल अस्पताल का भवन काफी जर्जर हो जाने के कारण स्वास्थ्यकर्मी एवं मरीजों के साथ कोई हादसा न हो, इसका डर बराबर बना रहता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रेफरल अस्पताल भवन का निर्माण कराकर आम लोगों का उपचार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## वेतन बढाने पर विचार

*194 **डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि विद्युत विभाग में लगभग दस (10) वर्षों से आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मियों (मानव बल) को रखा गया है;

(ख) क्या यह सही है कि विद्युत विभाग में रखे गये कर्मी (मानव बल) अल्प वेतनभोगी हैं एवं उनसे 30 दिन का कार्य लिया जाता है और 26 दिनों का वेतन भुगतान देय होता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' एवं 'ख' के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार विद्युत विभाग में आउटसोर्सिंग (मानव बल) कर्मियों का वेतन बढ़ाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों नहीं?

----

## भवन का पुनरुद्धार

*195 **डा. रामवचन राय (मनोनीत):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पूर्णिया शहर में पूर्व में खादी ग्रामोद्योग भवन की स्थापना की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त खादी ग्रामोद्योग भवन अब कार्यशील नहीं है और यह अत्यंत जर्जर स्थिति में है;

(ग) क्या यह सही है कि आज राज्य सरकार की उद्योग नीति खादी वस्त्रों को प्रोत्साहित करने की है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णिया खादी ग्रामोद्योग भवन का पुनरुद्धार कर उसे कबतक कार्यशील बनायेगी?

----

## राशि की कटौती नहीं

*196 **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि भारत का संविधान के अनुच्छेद- 13 (2) के अंतर्गत राज्य ऐसी कोई विधि नहीं बनाएगा जो संविधान के भाग- 3 द्वारा प्रदत्त अधिकारों को छीनती है या न्यून करती है और इस खंड के उल्लंघन में बनाई गई है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त संविधान के अनुच्छेद- 21 के तहत किसी व्यक्ति को उसके प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण करने का अधिकार प्राप्त है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य सरकार अपने नागरिकों की प्राण की रक्षा करने में स्वास्थ्य का चिकित्सा संबंधी संसाधन उपलब्ध कराने में असमर्थता के कारण निजी कॉलेजों-अस्पतालों में उनके प्राण की रक्षा करने और स्वास्थ्य की चिकित्सा कराने के लिए निजी कॉलेजों-अस्पतालों को मान्यता दी गई है;

(घ) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा निजी कॉलेजों-अस्पतालों को मान्यता दिए जाने से उनमें चिकित्सा कराने के पश्चात् उनके द्वारा उपलब्ध करायी गयी चिकित्सा विपत्र की प्रतिपूर्ति हेतु स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराये जाने पर उस चिकित्सा विपत्र में अंकित राशि में से आधी या चौथाई राशि की कटौती कर प्रतिपूर्ति की जाती रही है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अपनी सरकारी कॉलेजों-अस्पतालों में ही नागरिकों के प्राण की रक्षा करने और स्वास्थ्य की चिकित्सा संबंधी समस्त संसाधन की व्यवस्था कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करना चाहती है ताकि चिकित्सा विपत्र की राशि में से कोई भी राशि की कटौती न की जा सके, यदि हां तो कबतक?

----

## परीक्षाफल प्रकाशित करने पर विचार

*197 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के पटना डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में कुल 44 पदों के लिए वर्ष 2019 में साक्षात्कार हुआ था किन्तु आजतक परीक्षाफल प्रकाशित नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पटना डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में शिक्षकों के कुल स्वीकृत 73 पद हैं, किन्तु यहां मात्र 25 की ही नियुक्ति की गई है जिसके कारण यहां का शैक्षणिक वातावरण से लेकर इलाज तक प्रभावित है;

(ग) क्या यह सही है कि डीसीआई (डेंटल कॉउंसिल ऑल इंडिया) ने भी अपनी रिपोर्ट में शिक्षकों की घोर कमी की बात कही है, जिस कारण इस कॉलेज की मान्यता भी खतरे में है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र पटना डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल में रिक्त पदों को भरने हेतु साक्षात्कार का परीक्षाफल प्रकाशित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सहायता राशि का भुगतान

*198 **श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, राजपुर के स्वास्थ्य पर्यवेक्षक श्री जितेन्द्र लाल की प्रतिनियुक्ति राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना में की गई थी और कोरोना ड्यूटी के कारण हुई मौत के बाद जिला पदाधिकारी, पटना ने भारत सरकार के नियमानुसार इनके आश्रितों के लिए पचास लाख रुपये की अनुशंसा भी की है;

(ख) क्या यह सही है कि मृतक के आश्रितों को अबतक भारत सरकर के नियमानुसार दी जानेवाली पचास लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृतक के परिवार को नियमानुसार सहायता राशि उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## पढाई प्रारम्भ

*199 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि ANM Training Institute अरवल, भोजपुर, दरभंगा, गोपालगंज, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, सहरसा, सुपौल, कटिहार, गया, मधेपुरा, मुंगेर, सारण, पटना, मधुबनी, बेगूसराय, पश्चिम चम्पारण, जिला में वर्ष 2018 -19 में भवन निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अब तक किसी ANM Institute में Staff, Teacher की नियुक्ति नहीं की गई है, न ही मशीन उपकरण उपलब्ध कराया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि अब तक ANM Institute में पाठ्यक्रम प्रारम्भ नहीं किया जा सका है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो नव निर्मित ANM Institute में सरकार कब तक पढ़ाई प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कॉरिडोर घोषित

*200 **श्री देवेश कुमार (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि देश भर के कई राज्यों में औद्योगिक कॉरिडोर को विकसित किया गया है जिससे कि उन क्षेत्रों में रोजगार की वृद्धि भी देखी गई है तथा ढांचागत विकास को एक बल भी मिला है; इसी संदर्भ में क्या बिहार में कोई औद्योगिक कॉरिडोर प्रस्तावित है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो औद्योगिक कॉरिडर घोषित करने के लिए सरकार के पास क्या योजनाएं हैं?

----

## नियुक्ति शीघ्र

*201 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि आई.जी.आई.एम.एस., पटना में स्थापित एडवान्स कार्डियक सेंटर के सी.टी.वी.एस. विभाग संचालन के लिए प्राध्यापक के (दो) पद पत्रांक- 686(1) दिनांक- 26.06.2018 के द्वारा स्वीकृत किए गए हैं जो वर्षों बीत जाने के बाद भी आज तक रिक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि निदेशक आई.जी.आई.एम.एस., पटना को स्वास्थ्य विभाग के पत्रांक- 703 (1) दिनांक- 25.11.2021 के द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के लिए निदेशित किया गया है बावजूद पत्र की अनदेखी कर नियुक्ति प्रक्रिया नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आई.जी.आई.एम.एस., पटना के एडवान्स कार्डियक सेंटर में सी.टी.वी.एस. विभाग के सुचारु रूप से संचालन एवं मरीजों के हित में प्राध्यापक के दो पदों पर नियुक्ति शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अस्पताल का निर्माण

*202 **श्री मो. कमर आलम (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि IGIMS, पटना में 200 बेड का कार्डियक अस्पताल बनाने हेतु संस्थान के शासी निकाय से स्वीकृति मिल गई है एवं जमीन भी चिन्हित कर ली गई है;

(ख) क्या यह सही है कि अस्पताल में 5 फैकल्टी है तथा DM के 6 विद्यार्थी अघ्ययनरत हैं, जो दिन-रात हृदयाघात से पीडित मरीजों की सेवा में लगे हुए हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मरीजों के हित में IGIMS परिसर में प्रस्तावित 200 बेड का कार्डियक अस्पताल का निर्माण शीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## ट्रांसफार्मर की व्यवस्था

*203 **श्री रामईशबर महतो (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बोखड़ा प्रखण्ड के सिंघाचौड़ी पंचायत के वार्ड न०- 01, 04, 07, 12 में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पंचायत के उपरोक्त वार्डों में बिजली नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त वार्डों में कुछ ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत के वार्डों में बिजली तथा ट्रांसफार्मर यथाशीघ्र लगवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----